तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अपनी वैज्ञानिक सोच को छात्र-छात्राओं ने दिखाया मॉडल में



## खबर संक्षेप

### गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) का गठन किया है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक सक्रिय रहेगा और सुबह 9 बजे से रात 7 बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तर पर पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए मानचित्रकार पी.एल. गढ़ेवाल मोबाइल 6265881469 को प्रभारी और एस.एस. कोर्राम मोबाइल 9993321894 को सहायक नियुक्त किया गया है। कोरबा उपखंड : प्रभारी अधिकारी सत्यनारायण सिंह कवंर, कोरबा एवं करतला : प्रभारी अधिकारी विरेन्द्र कुमार सिंह, कटघोरा उपखंड : प्रभारी अधिकारी डी.आर. बंजारे, कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा : प्रभारी अधिकारी अभिषेक विश्वकर्मा, पाली विकासखंड : प्रभारी अधिकारी श्रीमती डी. मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का हुआ समापन

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय 25 फरवरी से 1 मार्च तक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शीर्षक लैंगिक समावेशन एवं समानता पहल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को लैंगिक संवेदनशीलता समान अवसर एवं समावेशी शिक्षण पद्धति के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की अध्यक्षता में सपन्न हुआ।

### होली पर किया हुड़दंग तो होगी कड़ी कार्यवाही : डडसेना

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना परिसर में रविवार को होली पर्व व रमजान माह के मद्देनजर हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना ने शांतिपूर्ण, भाईचारा और सौहार्दपूर्वक रंगों का त्यौंहार होली मानने और हुंडदंगीयों, शराब पी कर जबरदस्ती रंग गुलाल लगाने वालों, लडाई झगड़ा करने वालों, अवैध शराब बिक्री करने वालों पर पुलिस की होगी कार्यवाही। वही चार पेट्रोलियम पार्टी क्षेत्र में रखेगी निगरानी। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को भी विशेष ध्यान रखने और सूचना देने की बात कही इस दौरान लोकेश्वर कंवर सरपंच, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, छोटे लाल पटेल, अनिल टंडन, अरुण राठौर, बाबूराम राठौर,रामू जायसवाल,विजय जायसवाल, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज ध्रुवा, सराई सिंगार सोनसाय भैना, रेंकी सरपंच तीजराम उर्रे आदि थे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी परिवार में मना सम्मान समारोह

**कटघोरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा कटघोरा द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसरपर समारोह एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मानवता, प्रेम और शांति का जो संदेश दिया जा रहा है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। यह सम्मान समारोह उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस अवसर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। समारोह में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# नए वित्त वर्ष में एसईसीएल की गेवरा खदान को दुनिया की टॉप कोल माइंस बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नए वित्तीय वर्ष में एसईसीएल की गेवरा खदान नया इतिहास लिख सकती है। गेवरा खदान के कोयला उत्पादन का आंकड़ा 63 मिलियन टन पर पहुंच जाएगा, जो विश्व में सबसे अधिक होगा। एसईसीएल प्रबंधन इसकी तैयारी में है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में गेवरा खदान का उत्पादन 63 मिलियन टन तक पहुंच सके।

चालू वित्तीय वर्ष में गेवरा खदान का उत्पादन लक्ष्य 63 मिलियन टन है, लेकिन खदान अपने उत्पादन लक्ष्य से पिछे चल रही है। माना जा रहा है कि मार्च अंत तक उत्पादन का आंकड़ा 56 मिलियन टन तक ही पहुंच सकेगा। वर्ष 2024-25 में भी 63 मिलियन टन के टारगेट के मुकाबले 56 मिलियन टन उत्पादन दर्ज हुआ था। इसके पहले वर्ष 2023-24 में गेवरा खदान ने 59.11 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को छुआ था। वर्ष 2026-27 में गेवरा का उत्पादन 63 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचता है तो यह खदान पूरे विश्व में टॉप पर आ जाएगी। प्रबंधन के अनुसार गेवरा को दुनिया नम्बर एक खदान बनाने के लिए कंपनी के पास सभी जरूरी रिसोर्स जमीन, मशीनरी, मैनपावर और कस्टमर मौजूद है। वर्तमान में यूएस की ब्लैक थंडर माइंस दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसका उत्पादन 61-62 मिलियन टन है। एसईसीएल की गेवरा खदान की क्षमता बढ़ाकर 70 मिलियन टन सालाना करने की है। इसके लिए पहले ही एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल चुका है।

### गेवरा खदान में सालाना 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन की तैयारी

**खास बातें**

- खदान विस्तार के लिए पहले ही मिल चुकी है पर्यावरणीय स्वीकृति व खनन सुरक्षा उपकरण



## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला पुलिस ने चलाया अभियान

# होली पर्व को लेकर पुलिस एक्शन में, 67 वारंटी सहित कुल 97 लोगों पर गिरी गाज



बालको थाना में खड़े वारंटी।



टीपी नगर चौक में वाहनों की जांच करते सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व को लेकर जिला पुलिस एक्शन में आ चुकी है जहां शहर में अलग अलग चौक चौराहों में पुलिस की विशेष जांच अभियान की जा रही है वहीं शनिवार की रात पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 67 गिरफ्तारी वारंट, 30 स्थायी वारंट सहित कुल 97 वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

होली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा विशेष सघन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए गए थे। जिलेभर में एक साथ की गई कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहे 67 गिरफ्तार वारंटी किया गया, जिनमें 30 स्थायी वारंटी शामिल हैं। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकरणों में कुल 97 वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी पूर्व में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे। होली त्योहार के मध्यनजर असामाजिक तत्वों एवं फरार आरोपियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से यह विशेष कारवाई की गई, ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित घटना न हो और आमजन सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

### होली पर्व के मद्देनज़र कोरबा पुलिस द्वारा एडवाइजरी पंपलेट जारी

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा आम नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी पंपलेट जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जारी इस पंपलेट के माध्यम से नागरिकों से जिम्मेदारीपूर्वक एवं कानून का पालन करते हुए होली मनाने की अपील की गई है। जारी एडवाइजरी में नागरिकों से आग्रह किया गया है जिसमें केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें एवं सहमति का सम्मान करें। महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार न करें। पशु-पक्षियों पर रंग न डालें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, दुर्घटना से बचें। तीन सवारी वाहन न चलाएं। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें एवं जेबकतरों से सावधान रहें। किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। आपातकालीन सहायता हेतु पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 9479193399 एवं डायल 112 पर सूचना दे सकते हैं।

### अवैध शराब के खिलाफ मुहिम, 10 आरोपी गिरफ्तार

होली त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का भंडारण एवं बिक्री करने वाले 10 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। पुलिस द्वारा कुल 117.7 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। कोरबा पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि होली पर्व के दौरान अवैध शराब बिक्री कर हुड़दंग फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी एवं पेट्रोलिंग की जा रही है।

### ट्रैक पार करते समय चालक आया मालगाड़ी की चपेट में

**कोरबा।** सर्वमंगला फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक ट्रक चालक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान बरमपुर निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक फाटक के पास खदान से सटे रास्ते से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी वह अचानक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे के बाद वह खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ा था। फाटक पर तैनात गेटमैन ने घायल युवक को देखा और तुरंत इसकी सूचना सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अपने वाहन से जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने बताया कि इस हादसे में युवक का दाहिना पैर कट गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। युवक अभी बोलने की स्थिति में नहीं है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने आत्महत्या के इरादे से मालगाड़ी के सामने छलांग लगाई थी या यह एक दुर्घटना थी।

# होली, ईद एवं गुड फ्राइडे को शांति और सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी समुदायों से अपील की गई कि वे होली, ईद और गुड फ्राइडे जैसे अपने पर्व-त्यौहारों को आपसी मेल-मिलाप, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। जिला प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि त्यौहारों के दौरान आवश्यक सहयोग लगातार प्रदान किया जाएगा।

**खास बात**

- जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



बैठक लेते जिला प्रशासन के अफसर।

बैठक में त्योहारों को सुरक्षित तरीके से मनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए। होली के दौरान रासायनिक रंगों एवं मुखोटों के विक्रय तथा उपयोग पर रोक लगाने और लोगों को हर्बल रंगों के प्रयोग हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। यह भी अनुरोध किया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य पर अनावश्यक रूप से रंग न लगाए ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। शांति समिति के सदस्यों ने होली त्योहार को मिल-जुलकर, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। अपर कलेक्टर श्री पटेल ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है, इसलिए सभी नागरिकों को प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित तरीके से इस पर्व को मनाना चाहिए। होलिका दहन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि होलिका दहन केवल सुरक्षित और खुले स्थानों पर ही किया जाए। इलेक्ट्रिक तारों के नीचे, ट्रांसफार्मर के पास तथा तंग गलियों जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर होलिका दहन न करने की हिदायत दी गई ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड वाहन की पहुँच सुनिश्चित हो सके। होली के दिन शहर के मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे दुकानें न लगाने का अनुरोध किया गया ताकि अनावश्यक जाम की स्थितियाँ उत्पन्न न हों। पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग करने, दमकल एवं एम्बुलेंस जैसी सेवाओं को पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रखने तथा भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए गए। होली के अवसर पर तालाबों और नदियों में नशे की हालत में उतरने तथा स्नान स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था करने की सलाह भी दी गई।

# मानव सेवा मिशन ने बालक छात्रावास के बच्चों के बीच बांटी होली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व के उपलक्ष्य में मानव सेवा मिशन बालको द्वारा संवर्धन बालक छात्रावास, बरपाली में निवासरत बच्चों के बीच पहुंचकर मिठाई, नमकीन एवं रंग-गुलाल वितरित कर त्यौहार की खुशियां साझा की गईं। इसके साथ ही छात्रावास के लिए आवश्यक राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि इस छात्रावास में कुल 15 बच्चे निवास करते हैं। इनमें से कई बच्चों के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है, जबकि कुछ बच्चों के अभिभावक आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनकी शिक्षा का संपूर्ण व्यय वहन करने में सक्षम नहीं हैं। राशन की आवश्यकता की सूचना मिलते ही मानव सेवा मिशन की टीम तत्परता के साथ बरपाली पहुंची और बच्चों के लिए सूखा राशन उपलब्ध कराया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। बच्चों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। मिशन के सदस्यों ने भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर संस्था सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। इस सेवा कार्य में मानव सेवा मिशन के सक्रिय सदस्य केशव चन्द्रा, अशोक पटेल, संजय विजयवर्गीय, दिनेश पृथ्वीकर, कमलेश बोहरपी, क्रांति सोनी, मनोज सिंह, लिलेश्वर शर्मा, पीतम लाल सोमनकर तथा छात्रावास के संचालक सनत रजक उपस्थित रहे।



## पुरानी 25 समितियों में बने गोदामों की डीएमएफ मद से होगी मरम्मत

# नाबार्ड तैयार करेगा 19 समितियों के लिए गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के द्वारा समितियों में गोदाम निर्माण के लिए सहायता राशि जारी करेगा। इसके पूर्व जो समितियां पुरानी थी उनमें पूर्व में निर्मित गोदाम के मरम्मत का काम डीएमएफ से किया जाएगा। जिन समितियों में गोदाम निर्माण की स्वीकृति मिली हैं वे सभी नई समितियां हैं जो वर्ष 2026 से अस्तित्व में आएंगी जिनकी घोषणा 2025 में हो चुकी थी।

जिले में नाबार्ड के द्वारा लंबे समय बाद सहकारी समितियों के गोदाम के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसके पूर्व 25 पुरानी समितियों में गोदाम निर्माण हेतु नाबार्ड के द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। जिले में 41 पुरानी सहकारी समितियां एवं 19 नई सहकारी समिति हो चुकी हैं। हालांकि 19 नई सहकारी समितियां अब तक उपार्जन केंद्र के रुप में ही कार्य करती रही हैं। सभी सहकारी समितियों के सामने सबसे बड़ा संकट सामग्री रखने के लिए गोदाम को लेकर बना हुआ था। लगातार किसानों की बढ़ती संख्या और उनके लिए खाद बीज के भंडारण तथा पीडीएस दुकान का संचालन करने वाली समितियों के सामने खाद्य सामग्री के भंडारण की समस्या प्रतिवर्ष बनी रहती थी। इस वर्ष नाबार्ड ने वित्तीय सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है। उसका लाभ उन समितियों को मिलेगा जो अब तक उपार्जन केंद्र के रुप में काम करते रहे हैं। साथ ही उनके पास किसी भी तरह की सामग्री रखने के लिए कोई शासकीय भवन उपलब्ध ना होने के कारण गांव के सामुदायिक भवन या पंचायत भवन में रखने की मजबूरी हो जाती थी।



### पंचायत में गोदाम निर्माण हेतु जमीन का दिया प्रस्ताव

गोदाम निर्माण के लिए अक्सर जमीन विवाद की समस्या सामने आ जाती थी। कई बार राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौकास्थल पर विवाद का निपटारा करना पड़ता था इसलिए अब पंचायत द्वारा प्रस्तावित जमीन में ही किसी भी तरह के शासकीय निर्माण कार्य कराए जाएंगे ताकि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित ना हो सके।

### बरसात में सीपेज की समस्या

पुरानी समितियों में बनाए गए गोदामों की हालत मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी थी जो बरसात में सीपेज होने के कारण खाद बीज के खराब होने का खतरा रहता था। सहकारिता विभाग ने भी गोदाम के मरम्मत को लेकर विभागीय स्तर पर प्रस्ताव डीएमएफ को भेजा था ताकि पुराने गोदामों की तस्वीर बदली जा सके। कई ऐसे गोदाम हैं जिनकी जगह नए भवन निर्माण को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है।

### कुएं में गिरा जहरीला अहिराज सांप, रेस्क्यू कर निकाला सुरक्षित

**कोरबा।** हरदीबाज़ार गांव के दीपक टंडन के घर के कुएं में एक जहरीला अहिराज सांप गिरा हुआ था जिसको बचाने के उद्देश्य से पहले दिन घर वालों ने बाल्टी लटका दिया ताकि वो खुद से रस्सी के मदद से बाहर निकल जाए पर दूसरे दिन पुनः उठकर सुबह देखा तो वो कुएं में ही तैरते मिला, जब घर वालों को समझ आया कि इसका निकलना संभव नहीं तो घटना की जानकारी तत्काल वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी हरदीबाजार पहुंचा और करीब आधे घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में सांप को बाल्टी के मदद से बाहर निकाला गया और सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों की थानों में की गई पोस्टिंग

**बिलासपुर।** एसएसपी ने दूसरे जिलों से तबादला में आए पुलिसकर्मियों की थानों में पोस्टिंग की है। एसएसपी रजनेश सिंह ने एएसआई निलाकर सेठ का रतनपुर, ओमप्रकाश परिहार की रतनपुर, प्रधान आरक्षक निसार परवेज की रतनपुर, महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले की सिविल लाइन व सिविल लाइन थाना से महिला प्रधान आरक्षक छन्दा दास की महिला थाना में पोस्टिंग की है।

### प्रेमिका ने की खुदकुशी फरार प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने से मना करने पर प्रेमिका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में फरार प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मल्हार क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने 25 फरवरी को प्रेमी के द्वारा शादी करने से इनकार करने पर प्रेमी धनगंवा निवासी राजू लहरिया पिता चंदन लहरिया के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर राजू लहरिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। पुलिस फरार आरोपी प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार की टक्कर से चार दोस्त घायल

**बिलासपुर।** कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी व बाइक सवार चार दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में चारों दोस्त घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, पुराना सरण्कडा निवासी राजेश कुमार साहू अपने दोस्त प्रमोद बक्शी के साथ अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 0625 में चकरभाठा एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे। उनके पीछे बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 3898 से उनके दोस्त केशव टाण्डन रामप्रसाद बंजारे जा रहे थे। सामने से तेज गति में आ रही कार क्रमांक सीजी 07 सीएन, 8086 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी व बाइक को टक्कर मार दी। जिससे चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राजेश कुमार साहू की पत्नी संध्या साहू की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पर्यावरण पर आधारित सेमिनार का समापन

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार ''पर्यावरण लचीलेपन के लिए बहुविषयक – दृष्टिकोण समावेशी विकास की राह, चुनौतियाँ और अवसर'' पर आज समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक जोगलेकर, विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डे, एयू के कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंजू तिवारी ने की। मुख्य अतिथि श्री जोगलेकर ने कहा कि हमारे हित में पर्यावरण कितना संतुलन है। विशिष्ट अतिथि मुख्य वनसंरक्षक श्री पाण्डे ने कहा कि पर्यावरण की जब हम बाात करते है तो सबसे पहले वन, जल, वायु, और जमीन की चर्चा करते हैं, हमें विकास के साथ–साथ प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की ओर लौटना चाहिए। पर्यावरण का विनाश हो रहा है। हमें पौधरोपण के साथ–साथ उसकी उसकी रक्षा का दायित्व भी निभाना चाहिए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ. तारणीश गौतम, सेमिनार संयोजक डॉ. सीमा मिश्रा, डॉ. अंजू तिवारी, डॉ. मंजू मित्र, डॉ. ज्योतिरानी सिंह ने पर्यावरण को बचाने की अपील की। डॉ. प्रेमलता वर्मा ने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

### मंगला से नेहरू चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर

**बिलासपुर।** मंगला चौक से कूदूदण्ड होकर नेहरू चौक की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। उबड़-खाबड़ गड्ढों के कारण वाहन चालक काफी परेशान होते हैं। निगम ने इससे पूर्व इस मार्ग पर पेंचवर्क करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली थी। इसके बाद भी हल्की बारिश के बाद इस सड़क की हालत फिर से जर्जर हो गई है।

**कमिश्नर के निर्देश पर बनाए गए कंट्रोल रूम, नोडल अधिकारी नियुक्त** | **शिकायतों और समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण**

# पेयजल संकट से निपटने हर जोन में भी अधिकारी तैनात, नंबर जारी

**बिलासपुर।** नगर निगम ने आगामी गर्मी में संभावित पेयजल संकट से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। निगम प्रशासन ने विकास भवन मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम पेयजल संबंधी शिकायतों और समस्याओं के निराकरण के लिए बनाया गया है। निगम प्रशासन के अनुसार, यह पहली बार है जब पेयजल संकट से निपटने के लिए इस तरह का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर विकास भवन के प्रथम तल पर कंट्रोल रूम (दूरभाष नं. 07752-471224) बनाया गया है। कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जल संबंधी समस्याओं के लिए उनसे उनके मोबाइल नंबर 9993596615 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम में शिकायतों को दर्ज करने और उनके निराकरण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक ग्रेड-03 रियाज हुसैन (मो. 7000200800) सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तैनात रहेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रेमनारायण जायसवाल (मो. 7470357576) अपनी सेवाएं देंगे।






#### ← जोन स्तर पर भी बनाए गए कन्ट्रोल रूम →

नगर निगम सीमांतर्गत जोन क्रमांक 1 से 8 में भी कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके नंबर पर फोन करके जोन एरिया में पेयजल संबंधी समस्या से अवगत कराया जा सकेगा। जोन क्रमांक 1 सकरी जोन कार्यालय - हितेश मक्कड़, उप अभियंता, 9907826133, जोन क्रमांक 2 तिफरा जोन कार्यालय -आशीष कुमार गुप्ता, उप अभियंता 7987003705, जोन क्रमांक 3, 4, 5 हेतु पंप हाउस- भूषण पैकरा, उप अभियंता 7745902646, धर्मेन्द्र जोशी, सहायक ग्रेड-3 मोबाइल नंबर 9827994849, जोन क्रमांक 6, तोरवा जोन कार्यालय- चन्द्रशेखर साहू, सहायक अभियंता 8770705880, जोन क्रमांक 7, जिला खेल परिसर सरकण्डा जोन कार्यालय -गोपाल अग्रवाल, उप अभियंता 9340969140, जोन क्रमांक 8, सिटी बस डिपो जोन कार्यालय- देवनारायण मरकाम, उप अभियंता 8770786315

**धड़ल्ले से शहर में घुस रहे भारी वाहन, दुर्घटना की बढ़ी आशंका**

# परिवहन व पुलिस विभाग की अनदेखी का फायदा उठा रहे ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर चालक



सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में धान, रेत, गिट्टी और लोहा जैसे भारी सामानों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। इस दौरान शहर में घुसने के साथ ही इनपर पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है, जिससे बेधड़क वाहनों का प्रवेश हो रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता है। वही किसानों के काम आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियां का विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से व्यवसायिक कामों में धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। बसों में भी क्षमता से अधिक सवारी ढोने के कारण कई बार लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती हैं, जबकि हकीकत यह है कि माह में दो-चार ट्रकों को पुलिस पकड़ कर चालान करती है, वहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों जुर्माना की रसीद काट चालू काम कर रहे है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में रोजाना छोटे- बड़े करीब चार सौ से अधिक ओवरलोड वाहन गुजरते हैं।सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगा ओवरलोड वाहन सड़कों से गुजर रहे हैं।

### नियम तोड़ने पर वाहन मालिक होगें जिम्मेदार

एसएसपी ने नो एंटी पर कड़ा शिकंजा कसते हुए छूट वाली गाड़ियों के नियम तोड़ने पर मालिक के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के आदेश जारी कर दिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था में सख्ती दिखाते हुए अनाधिकृत समय में शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा है। जिन वाहनों को प्रशासनिक छूट मिली है। उसमें पीडीएस चावल, मंडी से धान परिवहन, पीएचई, रेलवे सहित अन्य विभाग के निमार्ण कार्य से जुड़े वाहन, गैस, दूध, दवा, फायर ब्रिगेड, पानी सप्लाई जैसी आवश्यक सेवाओं के वाहन प्रशासनिक अनुमति के आधार पर निर्धारित शर्तो के साथ छूट श्रेणी में रखे गए है। इन वाहनों के रूट भी निर्धारित है। नियम तोड़ने पर चालक के अलावा मालिक, ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई का आदेश दिया गया है। एक्सीडेंट करने वाला वाहन तो किसी भी हालत में शहर के अंदर नहीं आना चाहिए।

### की जाती है कार्रवाई

शहर के अंदर आ रहे भारी वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है। हमारी टीम रोजाना कोनी, चकरभाठा, मस्तुरी, कोटा, तखतपुर जैसे इलाकों में भारी वाहनों को रोकती है और कार्रवाई की जाती है। इसके लिए फ्लाइंग की टीम भी लगी हुई है। कई बार थाने के सुपुर्द भी भारी वाहनों को किया जाता है।

**-असीम माथूर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

# मास चेकिंग से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग मार्च के करीब आते ही एक बार फिर एक्टिव हो चुका है। जहां एक तरफ करोड़ों का बकाया विभाग के माथे पर बल दे रहा है, वहीं विभाग अब बिजली चोरी पर नजर गड़ा दी है। पश्चिमी डिवीजन में दो दिन के भीतर 65 अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई की गई है, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया है।

सिटी सर्किल के पश्चिम डिवीजन में 27 व 28 फरवरी को नेहरू नगर, गोल बाजार और सरकंडा जोन में मास चेकिंग की गई। इस दौरान विद्युत विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कनेक्शनों की गहन जांच की। विभाग के अधिकारियों ने 65 कनेक्शनों में अनियमितता पाई जिसके चलते तत्काल ही पेनाल्टी की कार्रवाई की गई। डिवीजन के ईई भरत भूषण नेताम में बताया कि मीटर बायपास, डायरेक्ट हुकिंग एवं अन्य विद्युत चोरी के मामले पाए गए है ,जिसमें उपभोक्ताओं के कड़ी कार्रवाई की गई है। साथ ही विभाग ने राजस्व की वसूली के लिए 15.60 लाख पेनाल्टी बिल भी थमा दिया है।

### इन उपभोक्ताओं पर की गई कार्रवाई

बिजली विभाग ने गोल बाजार जोन के अंतर्गत पुराना बसस्टैंड स्थित रघुवीर राजपूत, किरण वैश्य, सलूजा विहार के अजय कुमार कश्यप, तेलीपारा स्थित गिरीश सोनी, श्रीकांत वर्मा मार्ग के मंजू मुरारका, सरकंडा जोन के अंतर्गत नूतन चौक सोनू यादव, विष्णु वंशकार, विनय कौशिक , गायत्री यादव सरकंडा को बिजली चोरी करते पकड़ा है। जिस पर विभाग ने भारी भरकम पेनाल्टी कर दिया है।

### लाइन लॉस रोकने की कवायद

अधिकारियों ने बताया कि गर्मी आ चुकी है, जिससे बिजली लोड बढ़ रहा है, ऐसे में चोरी और लाइन लॉस रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों को पूरी छूट दी गई है। आगामी दिनों में इस तरह की कार्रवाई नियमित तौर पर किए जाने के संकेत मिल रहे है। अधिकारियों ने चेताया है कि विद्युत लोड और अवैध कनेक्शनों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पेनाल्टी नहीं पटाने वालों के केस सीधे न्यायालय भी भेजे जाएंगे।

# पेंट्रीकार में बनाया जा रहा भोजन, कार्रवाई कुछ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे बोर्ड ने पेंट्रीकार में पकने वाले भोजन नाश्ते पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाकर रखा हुआ है, लेकिन बिलासपुर से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में बेधड़क भोजन और नाश्ता पकाने का काम किया जा रहा है। यह ट्रेन गेवरा से आकर बिलासपुर से रायपुर, नागपुर होकर अमृतसर तक जाती है, जिसमें आईआरसीटीसी की कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाती है।

रेल प्रशासन ने लंबी दूरी की ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा देकर रखी हुई है। पेंट्रीकार यानि बीच रास्ते में यात्रियों को अगर खाने, पीने की दिक्कत हो जाए तो वे पेंट्रीकार कर्मचारी से आर्डर देकर अपने बर्थ तक भोजन व नाश्ता, चाय मंगा सकें। पूर्व में यात्रियों के सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन, चाय, काफी, कोल्ड ड्रिंक सहित अन्य खाने-पीने के सामान पेंट्रीकार में बनते थे। पेंट्रीकार का भोजन यात्रियों को रास नहीं आ रहा था। इसके साथ ही कई बार ट्रेनों में आग लगने की घटना भी हो चुकी थी। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड ने एक आर्डर जारी करते हुए सभी पेंट्रीकार में भोजन, नाश्ता पकाने पर प्रतिबंध लगा दिया। पेंट्रीकार में प्रतिबंध लगने के बावजूद कई संचालक अपनी मनमानी करने लगे, जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के डर से कुछ दिनों तक भोजन पकना बंद करा दिया गया। वहीं यात्रियों को खाने-पीने की दिक्कत न हो, इसके लिए रेलवे बोर्ड ने ई-कैटरिंग के साथ बेस कीचन की सुविधा शुरु कर दी। बेस कीचन में बड़े स्टेशन पर ट्रेनों का स्टापेंज होने के साथ ही गरम भोजन और नाश्ता चाय चढ़ाया जाने लगा। ई-कैटरिंग में यात्री आनलाइन भोजन की बुकिंग करने लगे, जिससे संबंधित होटल से उनके बर्थ तक भोजन और नाश्ता पहुंच भी रहा है। यह कार्य वर्तमान में सभी ट्रेनों में किया जा रहा है। इसके बाद अब पेंट्रीकार संचालकों के आदेश पर मैनेजर और कर्मचारी यात्रियों के बजाय अपने स्वयं के लिए भोजन, चाय नाश्ता बनाना शुरु कर दिए हैं, जिसपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है।



#### 15 रुपए का पानी 20 में बेचा जा रहा

पेंट्रीकार के अलावा स्टेशन प्लेटफार्म में संचालित होने वाले स्टॉल संचालकों और उनके कर्मचारियों की भी मनमानी काफी बढ़ चुकी है। रेल नीर प्लांट ओपन नहीं होने के कारण नागपुर से बोतल की सप्लाई की जा रही है। पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए रेल प्रशासन ने अमरकंटक और दूसरे कंपनी की पानी बोतल बिक्री का भी आदेश दिया है। यह पानी की बोतल 15 रुपए की यात्रियों को बेची जानी है, लेकिन एक स्टॉल संचालक इंद्रजीत के स्टाल कर्मचारी 15 रुपए की बोतल 20 रुपए में बिक्री कर रहे हैं।

### मेल को रोककर लांग हॉल को छोड़ा

**बिलासपुर।** शनि की शाम मुम्बई सीएसएमटी से हावड़ा की ओर जाने वाली 12809 मेल एक्सप्रेस रायपुर से राइट टाइम रवाना की गई, लेकिन अचानक दाधापारा स्टेशन से रवाना होने और बिलासपुर स्टेशन में शाम 6.10 बजे पहुंचने से पहले ट्रेन को अचानक आउटर में रोक दिया गया। 5 बजकर 55 मिनट पर आउटर में रूकी ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक खड़ी रही, जिसके कारण सफर करने वाले यात्री हलाकान हो गए। इस दौरान रायपुर से बिलासपुर होकर जयरामनगर की ओर जाने वाली लांगहॉल ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल और वह ट्रेन धड़ल्ले से मेल एक्सप्रेस के सामने से रवाना हो गई। इससे यात्रियों की नाराजगी और बढ़ गई और उन्होंने हंगामा मचाना शुरु कर दिया। लांग हॉल के रवाना होने के बाद मेल एक्सप्रेस को बिलासपुर नहीं लाया गया। मेल के बजाय बिलासपुर से भगत की कोठी के लिए ट्रेन पहले रवाना किया गया, जिसके बाद शाम 7.30 बजे मेल आउटर से बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची।

# 5 आदतन बदमाश गिरफ्तार



**बिलासपुर।** तोरवा पुलिस ने होली के पहले गुण्डा बदमाशों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने धारदार हथियार व फरार वारंटी 5 आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, क्षेत्र में होली पर्व शांति व सौहाद्र से मनाने के लिए पहले शांति समिति की बैठक ली गई। उसके बाद क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आदतन बदमाशों की धरपकड़ में लग गई है। रविवार को अभय छिपेल पिता शिव कुमार बापूउपनगर , विजय पासी पिता मुकेश पासी लालखदान, प्रथम चौहान पिता रंजित चौहान लालखदान को पकड़कर उनके पास से धारदार हथियार बरामद किया गया है। तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह लंबे समय से फरार चले रहे अरमान अली पिता शमशाद अली लालखदान, करण पासी पिता रघुनाथ पासी लालखदान निवासी को गिरफ्तारी वारंट के तहत पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# अवैध शराब बेचते पांच कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले पांच कोचिया को पकड़कर भार मात्रा में महुआ व देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस ने देवरीखुर्द निवासी आदतन बदमाश विकास भारती पिता राजू भारती 26 साल को पकड़कर उसके पास से 52 पाव देशी शराब जब्त की गई है। कोनी पुलिस ने बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएन, 3208 में सवार पुरूषोत्तम खाण्डे पिता जुठेल 36 साल हरदी तखतपुर व झगरू राम गाहिरे पिता श्याम सिंह गाहिरे 32 साल को पकड़कर उनके कब्जे से 60 नग देशी शराब जब्त किया है। सीपत पुलिस ने सीपत निवासी महेंद्र खरे पिता शंकर खरे 26 साल, राकेश वर्मा पिता संतराम वर्मा 35 साल को पकड़कर उनके पास से 38 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने पांचों कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।



# महिला से ठगी कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

मदद के नाम पर बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोने की माला एवं नगदी रकम ठगने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने की माला बरामद कर ली गई है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरिसया थाना जैजैपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मीन बाई चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 7 फरवरी को चांपा अस्पताल में अपने पति को भर्ती कराकर ईलाज करा रही थी। इसी बीच 9 फरवरी को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और रिश्तेदार होने की बात कहते हुए विश्वास मे लेकर जहर खाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 6 लाख रूपये नगद पैसा दिलाने की बात कही। इस पर महिला उसके झांसे में आ गई और भारतीय स्टेट बैक ले जाकर फार्म भरने के लिए 6500 रूपये दे दिए। थोडी देर बाद आकर उक्त व्यक्ति ने महिला वजन कराने की बात कहकर उसका सोने का माला और पर्स रख लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति वहां से गायब हो गया। मामले में महिला ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने धारा 318(4) कायम कर विवेचना में लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं संदेह के आधार पर संदेही हरिशंकर उर्फ राहुल डेंसिल की पतासाजी कर संदेही को तलब कर पुछताछ की गई। राहुल ने प्रार्थीया को 6 लाख रूपये पैसा दिलाने का झांसा देकर सोने का 13 फर वाला माला एवं पर्स मे बचे 13500 रूपये तथा टच वाला मोबाईल ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर ऊर्फ राहुल डेन्सिल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।



# पंचायत सचिव तीन माह से नदारद, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा में सचिव के तीन माह से अनुपस्थित रहने के कारण पंचायत का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सीईओ जांजगीर चांपा द्वारा 12 दिसंबर 2025 को स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, जिसमें ग्राम पंचायत कचंदा के सचिव पवन देवांगन का स्थानांतरण ग्राम पंचायत गिधौरी तथा गिधौरी के सचिव महेंद्र कुमार गोड़ का स्थानांतरण कचंदा किया गया है।

आदेश जारी होने के बाद से पवन देवांगन ने ग्राम पंचायत कचंदा नहीं जा रहा है और वहीं, दूसरे सचिव महेंद्र कुमार गोड़ को भी विधिवत प्रभार नहीं सौंपा गया है। इस स्थिति के कारण जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े कार्य तीन माह से लंबित पड़े हैं। विकास कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ग्राम पंचायत कचंदा के सरपंच राकेश कुमार राठौर ने बताया कि सचिव की अनुपस्थिति से पंचायत का समस्त कामकाज ठप हो गया है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप



### जपेली में छत निर्माण का पूर्व उपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**कोरबा।** कटघोरा ब्लॉक के ग्राम जपेली में झरिहार दास साहेब की समाधि स्थल पर छत निर्माण कार्य का 28 फरवरी को भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल उपस्थित थे। मानिकपुरी पनिका समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से छत निर्माण होगा और इसका भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम जपेली के कबीर पंथी परिवार एवं समस्त ग्रामवासी पंचायत प्रतिनिधि एवं महंत समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संत श्री कबीर साहेब के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माखन दास, मुकेश दास, गणपत दास, बहारन दास, अजय कांत, इतवार दास एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पिचकारी से छूटेगी रंगों की धार, बाजार सजकर तैयार

**कोरबा।** होली का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजार पूरी तरह रंगों में रंग गए हैं। मुख्य बाजारों से लेकर शहर के कोसाबाड़ी, निहारिका, बुधवारी, पुराना शहर कोरबा के साथ ही मोहल्लों की छोटी-छोटी दुकानों तक हर जगह लाल, गुलाबी, पीले और हरे गुलाल की ढेरियां सजी दिखाई दे रही हैं। रंग-बिरंगी पिचकारियां, पानी वाले गुब्बारे, आकर्षक मास्क और डिजाइनर टोपी बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो होली आने से पहले ही पूरा शहर रंगों की चादर ओढ़ चुका हो। बच्चों के लिए इस बार बाजार में विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां, टैंक मॉडल, मशीन गन स्टाइल पिचकारी और बैटरी से चलने वाली आधुनिक पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। कई दुकानों पर बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी लेने के लिए जिद करते नजर आए। इस वर्ष लोगों में जागरूकता भी देखने को मिल रही है। केमिकल युक्त रंगों की बजाय हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक अब त्वचा और आंखों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक रंग खरीदना पसंद कर रहे हैं। फूलों से बने गुलाल और खुशबूदार अबीर भी इस बार खास आकर्षण बने हुए हैं। महिलाएं होली पूजन के लिए अबीर, गुलाल, पूजा थाली, नारियल और सजावटी सामग्री खरीद रही हैं। इसके अलावा घरों में बनने वाली पारंपरिक मिठाइयों के लिए सूखे मेवे और मसालों की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। गुझिया, मठरी और नमकीन की तैयारी घरों और मिठाई दुकानों दोनों में जोरों पर है।

### एसईसीएल मुख्यालय के तीन कर्मी हुए सेवानिवृत्त



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, निदेशक रमेश चन्द्र महापात्र एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में 3 कर्मी आनंद बक्शी उप महाप्रबंधक आंतरिक अंकेक्षण विभाग, अनिल कुमार सिंह वरीय अधिकारी भू-राजस्व विभाग, श्रीमती रीता तिवारी कार्यालय अधीक्षक ए-1 निदेशक तकनीकी संचालन सचिवालय हैं। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊँचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत के लिए न्यायिक अधिकारियों की हुई बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जाएंगे। संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली गई।

## शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों व चारों विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे समर्थक

# स्वर्ण सिटी में मनाया गया पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल का जन्मदिन




केक काटते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व उनके समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर स्वर्ण सिटी स्थित उनके निवास पर समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनसैलाब और आत्मीयता का अद्भुत संगम बन गया, जहाँ हजारों की संख्या में आमजन, गणमान्य नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित हुए। जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनायें व्यक्त करने वाले शुभचिंतकों का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

श्री अग्रवाल ने अपने जन्मदिन की सुबह हसदेव नदी के तट पर स्थित मां सर्वमंगला मंदिर में जाकर अपना माथा टेका तथा उनसे सुख, समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और वृद्धाआश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को वस्त्र और फल वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात सुभाष ब्लॉक स्थित मां काली मंदिर गए, वहां पूजा अर्चना पश्चात स्वर्ण सिटी स्थित अपने आवास में लोगों से मुलाकात के लिए उपलब्ध रहे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें बधाइयां दी। बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। इस अवसर पर राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, संगठनों के साथ-साथ व्यापारी बंधुओं ने व्यक्तिगत तौर पर श्री अग्रवाल के दर्री रोड स्थित निवास पहुंचे और उनके दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की शुभकामनाएँ दिए।



पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बधाई देते कांग्रेस नेता फरीद खान।

समारोह में कोरबा क्षेत्र के अतिरिक्त बिलासपुर, पेंड्रा, गौरेला, मरवाही एवं जिले के रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार व विभिन्न अंचलों से हजारों लोग उपस्थित रहे। कई आगंतुक वर्तमान या पूर्व पदों पर आसीन जनप्रतिनिधि एवं संगठन के प्रमुख पदाधिकारी रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुष्पमालाएं, महामालाएं और पुष्पगुच्छ अर्पित कर, शाल एवं श्रीफल भेंट कर तथा केक कटवाकर अपने प्रिय नेता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने उनके प्रति अपने अटूट स्नेह, विश्वास और सम्मान को भावपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त किया।

जन्मदिन के अवसर पर जयसिंह अग्रवाल ने सबका अभिवादन स्वीकार किया और सभी आगंतुकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अपार स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने क्षेत्र की उन्नति, सामाजिक सद्भाव एवं जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। श्री अग्रवाल ने सभी शुभचिंतकों का उनके स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग के लिए आभार जताया।



गौ उत्पाद प्रशिक्षण देतीं महिलाएं।

# भारतीय कुष्ठ निवारक संस्थान में पांच दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कुष्ठ निवारक संस्थान के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ गौ सेवा गतिविधि के द्वारा पांच दिवसीय गौ उत्पाद प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। गौ माता के संवर्धन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु भारतीय कुष्ठ निवारण संघ, गौशाला कात्रेनगर में 5 दिवसीय पंचगव्य आधारित गौ उत्पाद निर्माण एवं जैविक कृषि स्वरोजगार प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सिखाए जाने वाले विषय पूजा सामग्री दीपक, धूपबत्ती, समरानी कप, माला, मूर्ति, अग्निहोत्र कंडा, हवन सामग्री आदि स्वच्छता सामग्री गोनाइल, साबुन, शैम्पू, बर्तन धोने का पदार्थ आदि ,पंचगव्य औषधियाँ सतद्योत घृत, अमृतांजन वाम, तक्रासव, सूरभी बाम, विभिन्न प्रकार के गौ अर्क , सौंदर्य प्रसाधन फेसवॉश, उबटन, फेस पैक, वर्ण निखार साबुन आदि, घरेलू सज्जा बंदनवार, स्वस्तिक, लटकन, रंगोली, मूर्तियाँ एवं पेंटिंग , जैविक खेती प्रशिक्षण जीवामृत (तरल खाद), घनजीवामृत (ठोस खाद), पंचगव्य (ग्रोथ प्रमोटर), बीजामृत (बीज उपचार), नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र, दशपर्णी अर्क, खट्टी छाछ (फफूंदनाशक), सप्तधान्यांकुर अर्क, गौमूत्र अर्क, गोबर की खाद गौ उत्पाद निर्माण के साथ-साथ उत्पाद बिक्री एवं मार्केटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। समूचे प्रदेश के साथ साथ अन्य राज्य के प्रशिक्षार्थी इस कर्मशाला में भाग लिये। गौ सेवा गतिविधि छत्तीसगढ़ के प्रान्त गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख श्रीमती लालिमा जायसवाल ने गौ उत्पाद एवं प्रान्त सहसंयोजक जितेंद्र साहू ने जैविक कृषि सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किये।

# छुईहापारा में संकुल स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन कर विज्ञान मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विज्ञान मेला में संकुल के सभी माध्यमिक विद्यालय कटसीरा, माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा, प्राथमिक विद्यालय भर्राकुड़ा, प्राथमिक आश्रम विद्यालय कटसीरा, प्राथमिक विद्यालय छुईहापारा, प्राथमिक विद्यालय मोहरियामुड़ा विज्ञान के विभिन्न मॉडल लेकर आंख का मॉडल, हृदय का मॉडल, श्वसन तंत्र, जल चक्र, विभिन्न प्रदूषण, वाटर फिल्टर, सौरमण्डल, पर्यावरण शुद्धता, पवन चक्की, ज्वालामुखी, सजीव निर्जीव, कोकून लिटमस पेपर के गुण, अम्ल क्षार परीक्षण,आदि विभिन्न मॉडल के साथ उपस्थित हुए। बनाये गये सभी मॉडलों के बारे में बच्चों द्वारा अच्छे से वर्णन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अवलोकन कर्ता के रूप में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर एवं संकुल समन्वयक प्रेम किशन पैगम्बर रहे। प्रधानपाठक राठौर एवं संकुल समन्वयक पैगम्बर द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महान भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमन के जीवन परिचय एवं उनके खोज प्रकाश प्रकीर्णन एवं रमन प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई तथा यह भी कहा गया कि उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें भारतरत्न एवं नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका श्रीमती गायत्री राजवाड़े, प्रधानपाठक प्रमीला मरकाम, आशा राजवाड़े, पार्वती कश्यप, विज्ञान शिक्षक महेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक रमाकांत मार्बल, शिक्षक श्याम कुमार कश्यप, सहायक शिक्षिका ओम टण्डन, सहायक शिक्षिका सुनीता कंवर एवं सहायक शिक्षिका जोगी मैडम उपस्थित रही।साथ ही बच्चों के पालक एमडीएम समूह, पंच एवं स्थानीय ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन शिक्षक शैलेन्द्र कुमार राजवाड़े के द्वारा किया गया।




विज्ञान मेला के दौरान उपस्थित स्कूली बच्चे व शिक्षक।

# होली पर ग्रहण का असर, दहन आज, रंग गुलाल उड़ेंगे 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



इस वर्ष होली पर्व पर चंद्र ग्रहण का प्रभाव पडने के कारण लोगों में तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है लेकिन इस बार होलिका दहन 2 मार्च को किया जाएगा जबकि 4 मार्च को रंग गुलाल खेला जाएगा। पंचांग गणना के अनुसार 2 मार्च की मध्यरात्रि में होलिका दहन करना ही शुभ रहेगा। होलिका दहन सदैव भद्रा रहित मुहूर्त में और पूर्णिमा तिथि में ही किया जाना चाहिए। ग्रहण के कारण समय को लेकर भ्रम उत्पन्न हुआ है, लेकिन शास्त्रों के अनुसार मध्यरात्रि का समय सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा। चंद्र ग्रहण के कारण सूतक काल प्रभावी रहेगा। सूतक लगने से पहले यदि संभव हो तो रंग-गुलाल का उत्सव मनाया जा सकता है। यदि सूतक के कारण यह संभव न हो, तो श्रद्धालु 4 मार्च को रंगोत्सव मना सकते हैं। ग्रहण काल में किसी भी प्रकार के शुभ कार्य, पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते। इसलिए ग्रहण के समय सावधानी बरतनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सतर्कता रखने की सलाह दी गई है। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और इसका मूल संदेश आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देना है। तिथियों को लेकर भ्रमित होने के बजाय श्रद्धा और नियमों के अनुसार पर्व मनाना ही उचित है।

## बिजनेस साइट

### न्यू देल्ही स्वीट्स हाउस ऑफ़ प्योरिटी



**कोरबा।** न्यू देल्ही स्वीट्स अपने ग्राहकों की बढ़ती मांग एवं विश्वास को देखते हुए वर्तमान में संस्थान द्वारा कोरबा में अपनी पांच शाखाएं ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, निहारिक रोड कोरबा, पावरहाउस रोड कोरबा, एन.टी.पी.सी. जमनीपाली एवं कटघोरा में संचालित कि जा रही है ताकि ग्राहकों को उनकी मनपसंद शुद्ध देशी घी से निर्मित मिठाइयाँ उनके आसपास ही आसानी से उपलब्ध कराई जा सके। न्यू देल्ही स्वीट्स वर्ष 2017 से आज तक अपनी शुद्धता, विशिष्ट स्वाद और बेहतरीन गुणवत्ता के नाम से जाना जाता है, यंहा कि सभी मिठाइयाँ शुद्ध देशी घी से निर्मित कि जाती है, जो स्वाद एवं गुणवत्ता का विशेष अनुभव प्रदान करती है। होली के शुभ अवसर पर प्रतिष्ठान में विशेष तौर से पांच प्रकार कि गुजिया, चन्द्रकला, लोंगलता, बालूशाही एवम् काजू के मिस्ठान जैसे काजू कतली, काजू पत्र, काजू दिल, काजू लेमन, काजू रोल, काजू बाईटस उपलब्ध है जो अपनी विविध स्वाद तथा मिठास हेतु प्रसिद्ध है। न्यू देल्ही स्वीट्स अपने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फेंशी गिफ्ट बॉक्स, गिफ्ट पैकेट्स, स्वीट्स थाली, छप्पन भोग थाली, ड्राईफ्रूट्स थाली एवम गिफ्ट हम्पेर्स की सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है, जो विभिन्न रेंज में उपलब्ध है जिसे ग्राहक अपनी आवश्यकता अनुसार कस्टमाइज भी करा सकते है। प्रतिष्ठान में शुद्ध दूध से निर्मित विभिन्न छेने कि मिठाइयाँ जैसे मलाई टोस्ट, केशर मलाई टोस्ट, मलाई चाप, केशर चमचम, मलाई रसगुल्ला, केशरिया रसमलाई आदि भी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को बहुत लुभाती है।

### हृदय रोग मरीज को मिला नया जीवन, एनकेएच हॉस्पिटल में सफल एंजियोप्लास्टी



**कोरबा।** शहर के एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स में एक 65 वर्षीय हृदय रोगी की सफल एंजियोप्लास्टी कर चिकित्सकों ने उसकी जान बचाई। सीने में दर्द, सांस फूलने और लगातार कमजोरी की शिकायत के बाद मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले 10–15 दिनों से परेशान मरीज उच्च रक्तचाप और किडनी रोग से भी पीड़ित था, जिससे उसकी स्थिति और जटिल हो गई थी। अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने तत्काल जांच कर मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए एंजियोग्राफी की, जिसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की। परिजनों के अनुसार, पहले बिलासपुर में उपचार के दौरान इस प्रक्रिया का अनुमानित खर्च करीब 3.5 लाख रुपये बताया गया था, जबकि कोरबा स्थित एनकेएच हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में यह उपचार अपेक्षाकृत कम खर्च में सफलतापूर्वक किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि कोरबा में ही गंभीर और क्रिटिकल मरीजों का उन्नत इलाज संभव हो रहा है, जिससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम हो रही है। आधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की बदौलत स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता की हृदय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी एवं उनकी टीम ने हाल ही में 5 सफल एंजियोप्लास्टी और 7 एंजियोग्राफी प्रक्रियाएं पूरी की हैं। अब तक 45 से अधिक हृदय रोगियों को उन्नत उपचार का लाभ मिल चुका है।

# संकल्प बजट छग को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल द्वारा बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पत्रकार वार्ता में संभाग प्रभारी जगदीश रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ राजीव सिंह, जिला संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, योगेश जैन, लक्की नंदा, अर्जुन गुप्ता, शैलेंद्र यादव, नीरज ठाकुर उपस्थित रहे। इस दौरान श्री चंदेल ने राज्य सरकार के तीसरे बजट की थीम संकल्प को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कृषि, शिक्षा और रोजगार सृजन पर केंद्रित है तथा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़ के विजन के अनुरूप है। श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह बजट प्रदेश को विकास की नई दिशा देगा। उन्होंने बजट के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह दस्तावेज प्रदेश की आर्थिक मजबूती और सामाजिक सशक्तिकरण का रोडमैप है।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरायण चंदेल।

### सड़क निर्माण से आवागमन होगा सुगम

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत दो सीसी रोड निर्माण कार्यों (कुल लागत 7.80 लाख) का विधिवत भूमिपूजन सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच बॉम्बे लाल यादव ने की। पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू की अनुशंसा से योजना अंतर्गत चौहान मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण एवं खलबोरवा तालाब से किसान सागर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ अधोसंरचना विकास छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

### सोलर प्लेट में लगे कीमती केबल की चोरी

**कोरबा।** जिला अस्पताल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिसे धता बताते हुए चोर लगातार चोरी को अंजाम दे रहे हैं। यदि हाल ही की बात करें तो शातिर चोरों ने सोलर प्लेट में लगे कीमती केबल को पार किया है। दरअसल मेडिकल कालेज अस्पताल के छत में विद्युत आपूर्ति के लिए सोलर सिस्टम लगाया गया है। सोलर प्लेट से तांबा केबल वायर के माध्यम से अलग अलग दिशाओं में कनेक्शन दिया गया है। इस केबल तार पर चोरों की नजर पड़ गई है। शातिर चोरों ने बीते तीन दिवस के भीतर दूसरी बार चोरी को अंजाम दिया है। निगरानी के लिए जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रही चोरी से सवालिया निशान उठने लगा है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# अपनी वैज्ञानिक सोच को छात्र-छात्राओं ने दिखाया मॉडल में

## शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अलग खबर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से संकुल प्राचार्य रणधीर सिंह ने विज्ञान चलित मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना का विकास करना है इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होते हैं।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित कार्यशील वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए, कक्षा आठवीं के बच्चों ने लेजर सुरक्षा प्रणाली, दुर्घटना सुरक्षा मॉडल, प्रकाश के अपवर्तन के सिद्धांत, बॉटल रॉकेट प्रदर्शित किए। कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा वर्षा जल संरक्षण, वर्षा अलर्ट सिस्टम, न्यूटन डिस्क,कार्बन शुद्धिकरण यंत्र, खेतों में जानवरों से सुरक्षा सिस्टम, गणितीय ज्यामितीय आकारों के मॉडल, प्रोजेक्टर मशीन का वर्किंग मॉडल, होलोग्राम वर्किंग मॉडल का निर्माण किया। कक्षा छठवीं की बालिकाओं द्वारा हाइड्रोलिक क्रेन मॉडल, जल शुद्धिकरण मॉडल, दिन और रात का वर्किंग मॉडल, जल चक्र का चलित मॉडल, वर्षा जल संरक्षण चलित मॉडल बनाया गया जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार बारिश का पानी संग्रहित कर भविष्य में उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने प्रत्येक मॉडल के पीछे वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया। विद्यालय के प्रधान पाठक बी एल देवांगन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व समझाया। विद्यालय की व्याख्याता उर्मिला राठौर ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को सीवी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी, इस महान खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया उनके इसी गौरवशाली योगदान को याद करने के लिए भारत सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने की घोषणा की जिसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है।




## खबर संक्षेप



### फाल्गुन पूर्णिमा पर माँ सर्वमंगला घाट में आज होगी हसदेव आरती

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समिति द्वारा हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रदूषण को कम करने, उनके संरक्षण एवं तटों के सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्येक माह की पूर्णिमा को शाम 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। आगामी फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर 2 मार्च को शाम 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में समिति के संरक्षक श्रेष्ठ सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट यजमान के रूप में रविन्द्र कुमार पाराशर (उपाध्यक्ष), शैलेश पाण्डेय (उपाध्यक्ष), कीर्ति कुमार अग्रवाल (संयुक्त सचिव) तथा विजय कुमार राठौर (संयुक्त सचिव) शामिल होंगे। समिति ने समस्त श्रद्धालुजनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हसदेव आरती में सहभागी बनें।

### पानी के लिए तरस रहे महाविद्यालय के छात्र : राठौर



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार स्थित शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय छात्र छात्राएं बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है कि कॉलेज में छात्रों के लिए पीने के ठंडे पानी तथा अध्ययन कक्षों में एसी की व्यवस्था कराने की मांग की है। राठौर ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग 1800 नियमित छात्र छात्राएं अध्ययनरत है मगर एक बूंद पीने का पानी नहीं है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों को मजबूरी में घर से पानी की बोतल लेकर कॉलेज आना पड़ रहा है। उन्होंने कहा भी कहा कि गर्मी चालू होने के बावजूद कक्षा में बैठना मुश्किल है मगर अभी तो ग्रीष्मकाल पूरा बचा है और उसी में परीक्षा है मनमोहन ने प्रशासन से निवेदन करते हुए कहा कि अध्ययन कक्षों में गर्मी से राहत के लिए एसी या अन्य शीतलन व्यवस्था की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके।
एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर लगातार जमीनी स्तर पर छात्रों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हुए कॉलेज की वास्तविक समस्याओं से शासन-प्रशासन को अवगत कराने और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं।

### बिजली तारों, खंभों और ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी पर करें होलिका दहन

**कोरबा।** होली पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और सुरक्षित वातावरण के लिए ऊर्जा विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने आम लोगों और बिजली उपभोक्ताओं से कहा है कि होलिका दहन बिजली के तारों, खंभों और ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही करें। बिजली लाइनों या उपकरणों के नीचे अथवा आसपास होलिका दहन करने से आग की लपटों के कारण तारों और केबलों के जलने या टूटने का खतरा रहता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं और बिजली आपूर्ति भी बाधित हो सकती है। ऊर्जा विभाग ने कहा है कि त्योहार के दौरान उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अधिकारियों और अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। होली के समय बिजली आपूर्ति सुचारु रखने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सावधानी बरतकर ही सुरक्षित होली मनाई जा सकती है। किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या या आपात स्थिति में उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 या अपने नजदीकी फ्यूज कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### हाथियों ने सब्जी की फसल को रौंदा

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कुमुरा रेंज में दंतैल हाथी रात के समय धरमजयगढ़ वन मंडल से बैगामार पहुंच गया। यहां दो किसानों की सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में घूम रहे तीन हाथी शनिवार रात फुलसर नाला पहुंच गए। गांव में न घुसे इसके लिए पटाखे फोड़ते रहे। कोरबा वन मंडल में अभी दंतैल हाथी ही अधिक नुकसान पहुंचा रहा है। कभी भी वह धरमजयगढ़ वन मंडल लौटने के बाद फिर से वापस आ जाता है। इसकी वजह से वन विभाग की टीम को सीमा क्षेत्र में निगरानी रखने कहा गया है। दंतैल इसके पहले चचिया के आसपास घूम रहा था। इस वजह से फिर से जाने की संभावना है।

## दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# शहर के दुकानों में चोरी करने के बाद आरोपियों ने दिल्ली और मनाली में जमकर उड़ाए गुलछर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर के चार अलग अलग दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में दो नाबालिक सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने चोरी करने के बाद हिल स्टेशन व देश की राजधानी जा पहुंचे थे जहां आरोपियों ने चोरी के पैसे से जमकर गुलछर्रे उड़ाए हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी व मानिकपुर चौकी क्षेत्र के पांच स्थानों में वारदात को दिया था अजाम

सिविल लाईन थाना की सीएसईबी चौकी ने शातिर चोरों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 14 हजार नगदी और कुछ सामान मिला है। आरोपियों ने चोरी की बड़ी रकम का उपयोग मौज मस्ती और अपने शौक पूरा करने में किया। मुड़ापार क्षेत्र के अटल आवास में रहने वाला राजूदास महंत ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर पिछले दिनों टीपी नगर की दुकानों को निशाना बनाया था। चार अलग अलग स्थानों में ताला तोडक़र चोरी की गई। मौके से उनके हाथ हजारों रूपए लगे। इसके अलावा कुछ सामान मौके से पार कर दिया गया था। गिरोह के सदस्यों ने बिना किसी चिंता के टूर प्लान किया और देश के हिल स्टेशन कुल्लू मनाली व दिल्ली की शानदार यात्रा की। सैर सपाटे के साथ ब्रांडेड कपड़े से लेकर होटलिंग पर हजारों रूपए खर्च कर दिए गए। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ खोजबीन की जा रही थी। इस बीच कुछ इनपुट मिले, जिन पर काम किया गया। लोकेशन मिलने पर हाल में ही आरोपियों को दबोच लिया गया। राजू दास के दो साथी नाबालिग बताये गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों से 14 हजार नगद और एक बाइक मिला है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों ने दुकानों में चोरी की गई अधिकांश रकम को खरीदी से लेकर अपने शौक में उड़ाने की बात कही। पुलिस ने मुख्य आरोपी को जेल भेजने और दो नाबालिग को संप्रेक्षण गृह में भेजने की तैयारी की है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कोयला से भरा ट्रेलर बायपास मार्ग पर पलटा, आवागमन रहा बाधित


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शनिवार को देर रात लगभग 10 बजे एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। कटघोरा-बिलासपुर बायपास मार्ग पर कोयला से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे के बाद सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों तक ठप रहा।

पुलिस के अनुसार, घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हुंकरा के आश्रित ग्राम मुड़ाभांटा बायपास मार्ग पर हुई। ट्रेलर भैयाथान (सूरजपुर) से रायगढ़ की ओर कोयला लेकर जा रहा था। इसी दौरान चालक का नियंत्रण बिगडऩे से वाहन सडक़ पर पलट गया। हादसे में चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद पास के गांव मुड़ाभाटा के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। ट्रेलर से गिरे कोयले को उठाने के लिए लोगों में होड़ मच गई। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवागमन को बहाल कराया गया।

# उद्योग मंत्री के नेतृत्व में प्रगति पथ पर कोरबा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा


लखनलाल।

श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व में प्रगति पथ पर अग्रसर कोरबा नगर के विकास हेतु अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 15 विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

**खास बात**

- 15 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ की मिली स्वीकृति

नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों की मूलभूत विकास कार्यों को तेजी से कराने हेतु विगत दो वर्षों में अलग अलग मद से स्वीकृति मिली है, शनिवार को 15 नवीन कार्यों की भी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। श्री देवांगन ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है। सभी वार्डों का एक समान तेजी से विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

जिन कार्यों की मिली स्वीकृति है उनमें वार्ड क्रमांक 24 बुधवारी में 15 लाख की लागत से सीसी रोड, वार्ड क्रमांक 17 ढोढ़ीपारा सिविल ऑफिस के पास 8 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 56 में 20 लाख की लागत से लाटा मेन रोड स्थित मेडिकल स्टोर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 54 में 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, सांस्कृतिक मंच एवं पेवर ब्लॉक कार्य, वार्ड क्रमांक 28 में 20 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा निर्मित महाराणा प्रताप सभा भवन, राम जानकी मंदिर परिसर सामुदायिक भवन के ऊपरी तल का निर्माण एवं अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्रमांक 4 में 15 लाख रुपए की लागत से राताखार टॉवर मोहल्ला गणेश चौक के पास अन्य विस्तार सामुदायिक भवन निर्माण एवं अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्रमांक 35 में 25 लाख से कबीर आश्रम रिसदी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 52 में 10 लाख की लागत से हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 32 में 10 लाख की लागत से ज्योति कलश कक्ष, सेड निर्माण एवं प्रसाधन निर्माण, वार्ड क्रमांक 54 बरेडीमुड़ा महंत मोहल्ला, कबीर चौरा के पास बाउंड्री वॉल एवं शेड निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 47, 50, 38, 66 एवं 40 में 47 लाख की लागत से सार्वजनिक मंच व नाली निर्माण कार्य किये जाएंगे।

### आज करेंगे 21 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कटघोरा।** श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 2 मार्च को जिले के विकास को नई गति देने के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे श्री अग्रसेन गौसेवा समिति कनबेरी के पास आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 21.35 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से 8 नग वृहद पुलों और सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाएगी। स्वीकृत कार्यों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 20.92 करोड़ रुपये की लागत से 8 महत्वपूर्ण वृहद पुलों का निर्माण शामिल है। इसमें रामपुर विधानसभा के कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत लेमरू-देवपहरी रोड, डोकरमना मेन रोड, बगबुड़ा रोड, बताती-बांसाखार मार्ग और पतरापाली-धानकछार मार्ग पर स्थित विभिन्न नालों जैसे गौमुखी, चिंगराडांड, गड़गड़ा, कोटगसरा और पेंसारी नाला पर पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पालीतानाखार विधानसभा के पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड में कटघोरा-अंबिकापुर रोड से बहरीझरिया मार्ग के कोठीझुंझा नाला पर भी एक वृहद पुल का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी लागत 278.72 लाख रुपये है। ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कटघोरा विधानसभा के कटघोरा विकासखण्ड में पंचराम घर से हीरालाल घर की ओर 5 सौ मीटर लंबी सीसी सड़क सह नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 42 लाख 95 हजार रुपये निर्धारित है। इन सभी निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से जिले के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विशेष रूप से वर्षा ऋतु में होने वाली संपर्क की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

# कटघोरा नपा अध्यक्ष ने नगर में एडीएम एएसपी की पदस्थापना की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कटघोरा में अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश का अब तक क्रियान्वयन नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- अध्यक्ष श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में श्री जायसवाल ने उल्लेख किया है कि लगभग चार वर्ष पूर्व कटघोरा में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन के लिए एडीएम और एएसपी की पदस्थापना का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद वर्तमान में दोनों अधिकारी जिला मुख्यालय में बैठकर कार्य कर रहे हैं, जिससे कटघोरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों का समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं तथा अनावश्यक परेशानी बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा भवन उपलब्ध न होने का कारण बताया जाता है, जबकि स्थानीय स्तर पर कार्यालय संचालन के लिए उपयुक्त भवन मौजूद हैं। श्री जायसवाल ने यह भी कहा कि अधिकारियों की स्थानीय स्तर पर उपस्थिति से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, शिकायतों का शीघ्र निराकरण होगा तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।


राज जायसवाल

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा


पुतला दहन करतीं महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के निर्देश पर एपस्टीन फाइल में हुए खुलासे को लेकर टीपी नगर चौक में शनिवार को जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया गया।

जिला महिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम एपस्टीन फाईल में आना एक गंभीर मसला है, ऐसे में केन्द्रीय मंत्री पुरी को अपने पद से अपने आप इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हे नैतिक रूप से पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तंवर ने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़े और केंद्रीय मंत्री से जवाबदेही की मांग करें। ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच 62 बार ई मेल का आदान प्रदान हुआ था। पुतला दहन कार्यक्रम को पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, पूर्व अध्यक्ष हरीश परसाई, शहर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, एनएसयुआई अध्यक्ष मनमोहन राठौर, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान ने संबोधित किया। इस दौरान बसंत चंद्रा, पालुराम साहु, एडी जोशी, नारायण लाल कुर्रे, अविनाश प्रेमलता बंजारे, डॉ. गोपाल कुर्रे, बद्री किरण, रवि सिंह चंदेल, पुष्पा पात्रे, प्रवीण ओगरे, इब्राहिम, गिरधारी बरेठ, जगन्नाथ थवाईत, संतोष राठौर, राम दास महंत, प्रदीप सागर, रामकुमार राठौर आदि उपस्थित थे।

